एक नजर में

योग शास्त्र संगम में शोध पत्र जमा करने की अंतिम तिथि कल

ग्वालियर, 9 दिसंबर । विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी प्रकल्प नीड़म् ग्वालियर एवं लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 'योग शास्त्र संगम' का आयोजन 13 एवं 14 दिसंबर को लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। विवेकानंद केंद्र ग्वालियर विभाग संचालक अजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 दिसंबर को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक प्रतिभागियों का पंजीयन एवं किट वितरण संपन्न होगा। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक अल्पाहार के उपरांत 11 बजे उद्घाटन सत्र प्रारम्भ होगा जिसमें विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अखिल भारतीय योग प्रमुख रवि शर्मा का मुख्य वक्तव्य होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आदि शंकर विद्यापीठ, उत्तरकाशी के प्रमुख स्वामी हरि ब्रह्मइंद्रानंद तीर्थ महाराज का पाथेय प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा करेंगी। इस दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में योग शिक्षकों, योग शोधार्थियों एवं योग साधकों द्वारा 'श्रीमद्भगवत गीता में योग की संकल्पना' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों द्वारा विवेकानंद नीड़म् पर शोध पत्र 11 दिसंबर तक जमा किए जा सकते हैं।

चेम्बर के पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव जगदीश मित्तल, मध्य प्रदेश श्रम सलाहकार परिषद में सदस्य मनोनीत

ग्वालियर ,9 दिसम्बर। मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव जगदीश मित्तल को मध्यप्रदेश श्रम सलाहकार परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया है। चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा उनके मनोनयन पर बधाई दी हैं। श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश, इंदौर द्वारा म.प्र. श्रम सलाहकार परिषद के पुनर्गठन हेतु एक नाम म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री से चाहा गया था। कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से जगदीश मित्तल का नाम चेम्बर प्रतिनिधि के रूप में प्रेषित किया गया था।

सतीश ने किया 251 महिलाओं का सम्मान

ग्वालियर, 9 दिसंबर। सोनिया गांधी ने कांग्रेस की मजबूती के लिये काम किया है और कर रही हैं। यह विचार आज 16,ग्वालियर से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर सोनिया गांधी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने 251 महिला कार्यकर्ताओं को साड़ी एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को नई ऊचाइयां प्रदान करने में सोनिया गांधी की अहम भूमिका रही है। सोनिया गांधी ने हमेशा पार्टी को एकसूत्र में बांध रखा है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, एम.आई.सी सदस्य गायत्री सुधीर मण्डेलिया, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, वीणा भारद्वाज, सुनीता तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, अनूप शिवहरे, पार्षद केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, प्रमोद खरे, सतेन्द्र नागर आदि मंचासीन रहे।

अवैध रेत का परिवहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

ग्वालियर, 9 दिसंबर। अवैध रेत का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह बड़ागांव हाइवे के पास अवैध रेत ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनिज विभाग की टीम ने पकड़ा है। टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और रेत को जब्त कर लिया है। अवैध रूप से खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के कारण लगातार हो रहे हादसों को लेकर कलेक्टर रूचिका चौहान ने अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार सुबह खनिज विभाग की टीम बड़ागांव हाइवे के पास चेकिंग कर रही थी, तभी उन्हें एक ट्रैक्टर- ट्रॉली आती दिखी, टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक से रेत की रॉयल्टी की रसीद मांगी। चालक टीम को रसीद नहीं बता सका, इसके बाद टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है।

मैरिज गार्डन से बाइक चोरी

ग्वालियर, 9 दिसंबर। ग्वालियर थाना क्षेत्र के मछली मंडी के पास स्थित पटेल गार्डन से युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक दो दिन तक तो स्वयं ही बाइक तलाशता रहा, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस थाने तो पुलिस थाने पहुंचा। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। कन्हैया बाथम 6 दिसम्बर रात को 9 बजे पटेल गार्डन गया था। उसने अपनी बाइक नम्बर एमपी 07 एनके-9601 गार्डन के पास खड़ी कर दी और अंदर चला गया। जब वापस आया तो देखा कि बाइक वहां नहीं थी, जहां खड़ी की थी। कन्हैया बाथम ने आस-पास तलाश किया पर बाइक का कहीं पता नहीं चला। दो दिन बाद कन्हैया बाथम ग्वालियर थाने पहुंचा और बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मास्टर के घर चोरी चेन, अंगूठी ले गए चोर

ग्वालियर, 9 दिसंबर। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र की देव नगर कॉलोनी में शिक्षक के घर चोरी हो गई। चोर सोने की अंगूठी व चेन ले गए। घटना 28 नवंबर से 8 दिसमबर के बीच की है। जानकारी के मुताबिक पेशे से शिक्षक सुग्रीव लाल जाटव देवनगर कॉलोनी पुरानी छावनी में रहते हैं। उनका गांव सबलगढ़ के बामसोली में हैं। सुग्रीव 28 नवंबर को घर में ताला डालकर अपने गांव बामसोली चले गए थे। चोरों को इसकी भनक लग गई और मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर पहुंच गए। कमरों के ताले तोड़े, वहां रखी अलमारी के ताले तोड़े लेकिन चोरों के हाथ कुछ सामान नहीं लगा। इसी बीच चोरों की नजर कमरे में रखे एक छोटे से बक्से पर गई तो उसका ताला तोड़ा। बक्से में सोने की चेन व अंगूठी रखी हुई थी। कुछ नकद रुपए रखे हुए थे, जिन्हें चोर समेट कर गायब हो गए। सोमवार दोपहर में सुग्रीव लाल जाटव गांव से वापस आए तब घर में चोरी होने का पता चला। ताले टूटने की जानकारी पुलिस को दी।

रात को पकड़ी अवैध देशी शराब

ग्वालियर, 9 दिसंबर। मुरार के पाताली हनुमान मंदिर रोड के पास अवैध शराब बेच रहे आरोपी को पुलिस ने आधी रात को दबोच लिया। पुलिस की पकड़ में आए आरोपी के पास से देशी शराब के 24 क्वार्टर जब्त किए गए हैं। अवैध शराब बेचने वाले के खिलाफ कार्रवाई सोमवार रात 11:30 बजे की गई। मुरार थाने में पदस्थ एएसआई राजकिशोर त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि पाताली हनुमान मंदिर रोड एमएएस कार्यालय के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई राजकिशोर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और अवैध शराब बेचने वाले को पकड़ लिया।

स्व. देवेन्द्र की प्रेरणादायक सीख हम सबके लिए आदर्श : ऊर्जा मंत्री

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 9 दिसम्बर । नगर निगम परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. देवेन्द्र भाई साहब की

पहली पुण्यतिथि पर ग्वालियर वासियों ने दी श्रद्धांजलि

प्रेरणादायक सीख हम सबके लिए एक आदर्श है। उनके अधूरे सपनों को साकार करने और जनसेवा के प्रति हम सभी कटिबद्ध हैं। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी समाधि स्थल पुरानी छावनी अटल द्वार की समीप आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद परिजनों एवं वक्ताओं से कही। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के परिवार के सभी सदस्यों सतेन्द्र सिंह तोमर, रिपुदमन सिंह तोमर (सागर भैय्या), सूर्य प्रताप सिंह तोमर (हितांशु भैय्या) के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों, नगर के वर्तमान और पूर्व पार्षदों ने देवेन्द्र सिंह तोमर की समाधि पर सीताराम धुन का वाचन किया। इसके बाद सभी ने स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने ज्येष्ठ भ्राता के विचारों, कार्यशैली और उनके साथ बिताए पलों का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी विरासत प्रेरणादायक है और उनके अधूरे सपनों को पूरा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि देवेन्द्र भाई साहब ने सदैव जनता के हितों के लिए लड़ाई लड़ी। जनता से उनका जीवंत रिश्ता बना रहा। वह सही मायनों में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के लिए प्रतिबद्ध थे। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं, मेरा तेरा उनसे कोसों दूर था। राजनीतिक जीवन में वह हर किसी के लिए सहज और सुलभ रहे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए देवेन्द्र भाई साहब का हमेशा से सुशासन पर जोर रहा। उन्होंने ग्वालियर को विकसित शहर बनाने के लिए विदेश यात्राएं भी की और वहां के अनुभवों को नगर निगम परिषद की चर्चाओं में साझा किया। देवेन्द्र भाई साहब आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके कार्य, समाज के लिए उनकी प्रतिबद्धता, जनसेवा आज भी हमें उनसे रूबरू कराती हैं। उनका नागरिकों के साथ जुड़ाव इतना अधिक था कि हर नागरिक सुख-दुःख में सदैव उससे जुड़े रहते थे।

पार्षद महेंद्र आर्य ने स्व. देवेंद्र तोमर की स्मृति में किया प्रसादी वितरण

ग्वालियर .वार्ड 16 के पार्षद महेंद्र आर्य ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के जेष्ठ भ्राता स्वर्गीय श्री देवेंद्र सिंह तोमर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर अपने सहयोगियों के साथ नवीन पार्क कमेटी हॉल के पास श्रधांजलि अर्पित की एवं उनकी पावन स्मृति में प्रसादी वितरण का आयोजन किया ।

यातायात को सुगम बनाने कराई पेंच रिपेयरिंग

ग्वालियर , 9 दिसम्बर । नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई शहर की गांरटी पीरियड की सड़कों पर ठेकेदार द्वारा एवं अन्य विभिन्न सड़कों पर नगर निगम द्वारा तेजी से पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए गांरटी पीरियड की सड़कों सहित विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज सौरभ विहार सूरी नगर, सिद्धेश्वर महाराज वाली गली, अटल गेट के अंदर पुरानी छावनी, लोटस विला अपार्टमेन्ट राजिस्टार ऑफिस के पास, नहर पट्टर रामकुई, हथियापुर धर्मशाला रोड, सरस्वती नगर सिटी सेन्टर, विनय नगर सेक्टर नम्बर 1, आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे, पंत नगर महलगांव, मेला ग्राउण्ड जलसा गार्डन के पास, आशाराम बापू के बगल वाली गली शिवपुरी लिंक रोड, पी.एन.टी. चैराहा राजीव मार्वल एवं जगजीवन नगर साठ फीट रोड सहित अनेक सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

सभी छात्र अपने कौशल को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी प्रकट करें :दौलत सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 9 दिसंबर। आईटीएम के नाद मुक्ताकाश एम्फीथिएटर में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशंस के सीनियर छात्र-

आईटीएम में छात्र परिचय सम्मेलन 'रूबरू' आयोजित

छात्राओं द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए छात्र परिचय सम्मेलन 'रूबरू-2025' का आयोजन किया गया। जहां आकर्षक लाइट एंड साउंड के बीच आकर्षक परिधानों के साथ विभिन्न किरदारों में रैंप वॉक करते छात्र-छात्राएं अपनी ही मौज-मस्ती में नजर आये। किसी ने सोलो डांस परफॉर्म की तो कोई मिमिक्री का तड़का लगाकर सभी को गुदगुदाता नजर आया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दौलत सिंह चौहान, निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन एडमिन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर, डीन एकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नितिन दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशंस के प्रथम, द्वितीय वर्ष के व सीनियर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

शैक्षणिक सत्र के स्वागत में

आयोजित यह वार्षिक कार्यक्रम संस्थान की प्रमुख परंपराओं में से एक है, जिसका उद्देश्य नवागंतुक छात्रों को संस्थान के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रमीय वातावरण से परिचित कराना है। इस सम्मेलन को संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल शैक्षणिक सत्र की शुरूआत का प्रतीक है, बल्कि आप सभी छात्र-छात्राओं के बीच एकजुटता, रचनात्मकता और सामूहिक उत्साह को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत में आयोजित छात्र परिचय सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकगणों के साथ राष्ट्रगान का समूह गायन कर छात्र परिचय सम्मेलन को गति प्रदान की।

प्रगति व अर्जिता को मिस और हर्षित व आदित्य को प्रदान किया गया मिस्टर फ्रेशर का खिताब

इस कार्यक्रम में मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और व्यक्तित्व का बखूबी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी राउंड में सभी ने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। जहां हर कोई जीत का ताज अपने सिर पर सजाने के लिए बेताव नजर आ रहा था। अंत में वह क्षण भी आया जब निर्णायक मंडल द्वारा मिस्टर एंड मिस फ्रेशर के नामों को अनाउंस किया। जहां यूजी श्रेणी में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा प्रगति भारद्वाज को मिस फ्रेशर और हर्षित यादव को मिस्टर फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। वहीं पीजी श्रेणी में एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्जिता को मिस फ्रेशर और आदित्य तोमर को मिस्टर फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया।

महिला हिंसा रोकथाम एवं अधिकार संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 9 दिसंबर। महिलाओं के प्रति बढ़ते हिंसा मामलों, यौन उत्पीड़न और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को देखते हुए महिला हिंसा और अधिकार, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं यौन उत्पीड़न रोकथाम पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम

'चुप्पी तोड़ो, हिंसा रोको' : डॉ. रीता

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों से परिचित कराना, हिंसा के विभिन्न रूपों की पहचान करना और समाज में सुरक्षित माहौल बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता गजरा राजा मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष एवं ग्वालियर का गायनेकोलॉजी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रीता मिश्रा कहा कि 'महिलाएं यदि सुरक्षा एवं सम्मान के साथ जीवन जीना चाहती हैं, तो आवश्यक है कि वे अपने अधिकारों को समझें, किसी भी अत्याचार पर चुप न रहें और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी

सहायता लें। चुप्पी ही हिंसा को बढ़ावा देती है, इसलिए समय रहते आवाज उठाना ही समाधान है।' कार्यक्रम में फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर ब्रांच की चेयरपर्सन शशि बिसेन, उपाध्यक्ष डी. एस चंदेल, कार्यकारणी सदस्य डॉ वीना प्रधान महाप्रबंधक नीलम दीक्षित, प्रोग्राम ऑफिसर अच्छेद्र सिंह कुशवाहा, तथा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पंकज अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था की महाप्रबंधक समिति नीलम दीक्षित ने महिला एवं प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दीं। कार्यक्रम में संस्थाएं कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाहा द्वारा सभी को युवा अधिकारों एवं गुड टच बेड टच होने वाली समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी अतिथियों ने महिला हिंसा के परिणामों, पीड़ितों के समर्थन, परामर्श सेवाओं तथा सामुदायिक सहयोग पर अपने विचार साझा किए। शाखा की ओर से महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध सेवाओं, हेल्पलाइन नंबरों तथा हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए सहायता प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम ने सभी में यह विश्वास जगाया कि यदि महिलाएं आगे आएंगी, चुप्पी तोड़ेंगी और अपने अधिकारों के लिए जागरूक होंगी, तो हिंसा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। कार्यक्रम का प्रमुख नारा रहा — 'चुप्पी तोड़ो, हिंसा रोको — महिला अधिकार, सम्मान और सुरक्षा हमारा संकल्प।

एसकेवी की छात्राओं ने समझीं प्रशासन की बारीकियाँ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 9 दिसंबर। सिंधिया कन्या विद्यालय की छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर रूचिका चौहान से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने छात्राओं को प्रशासनिक कामकाज और जिला प्रशासन द्वारा किए जाने वाले कार्यों की बारिकियां समझाईं। साथ ही यूपीएससी में सफलता के गुर भी सिखाए। इस अवसर पर कलेक्टर ने छात्राओं के सवालों के जबाव भी दिए। छात्राओं ने कलेक्टर से उनके कार्य प्रणाली के बारे में पूछा

तो उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यों को अंजाम देने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही छात्राओं ने जब आईएएस बनने के लिए तैयारियों के बारे में पूछा तब कलेक्टर ने अपनी आईएएस की तैयारियों के समय के अनुभव छात्राओं से साझा किए। इस दौरान अपर कलेक्टर सी बी प्रसाद एवं सिंधिया कन्या विद्यालय की प्राचार्य निशी मिश्रा मौजूद थीं।

नाम संशोधन सूचना

मैं मनमोहन सिंह कुशवाह पुत्र स्व. श्री पुक्खन सिंह कुशवाह जाति काछी निवासी दुर्गा विहार कॉलोनी, ग्वालियर म.प्र. नगरे को पहाड़िया, वीरपुर सिंकदर कम्पू जिला ग्वालियर म.प्र. का निवासी हूं। आधारकार्ड न. 763503953199 शपथेपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम मनमोहन सिंह कुशवाह अंकित है। मुझे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम मनमोहन सिंह कुशवाह अंकित कराना है। मुझ शपथकर्ता की कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम मनमोहन कुशवाह लिखा हुआ है। मनमोहन सिंह कुशवाह एवं मनमोहन कुशवाह दोनो ही नाम मुझ शपथकर्ता के ही हैं। जबकि पासपोर्ट में अपना नाम मनमोहन सिंह कुशवाह अंकित करवाना चाहता हूं। यहकि, उक्त कथनों की सत्यता मे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

आम सूचना

आवेदक गौरव जैन पुत्र श्री प्रतिमान जैन, श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा के निर्देशानुसार सर्वसाधारण एवं आम / खास को सूचित किया जाता है की भावी विक्रेता श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति फ्लेट क्रमांक 216, द्वतीय तल, ब्लॉक - बी (वर्तमान में ब्लॉक - सी), गुलमोहर सिटी, ग्राम डोंगरपुर, पुतलीघर, ग्वालियर जिला ग्वालियर (मध्य-प्रदेश) में स्थित है जिसका नगर पालिका वार्ड क्रमांक 60, भवन क्रमांक 12412, संपत्ति आई0 डी0 क्रमांक 2000227179 है जो ग्राम डोंगरपुर के भूमि सर्वे क्रमांक 19, 20, 21, 31 के अंश भाग में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 95 वर्गमीटर है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री कृष्णा लाल सप्रा पुत्र श्री दवार चंद सप्रा एवं श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री कृष्णा लाल सप्रा पुत्र श्री दवार चंद सप्रा का स्वर्गवास 09.04.2021 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा उनके हिस्से की संपत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री गौरव जैन पुत्र श्री प्रतिमान जैन के पक्ष में एक विक्रय अनुबन्ध किया जा चुका है। एवं रजिस्ट्रड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री गौरव जैन पुत्र श्री प्रतिमान जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री सुधीर सप्रा पुत्र श्री कृष्णा लाल सप्रा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक शाखा आर0ए0सी0पी0सी0 सिटी सेंटर रोड ग्वालियर (मध्य-प्रदेश) में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि समाप्त होने उपरांत वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण, प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी कृपया सूचित हो।

प्रेषक- नेहा मलालिया (एडवोकेट)
पता - 103, राज कमल अपार्टमेंट सत्कार गेस्ट हाउस के पीछे कैलाश विहार सिटी सेंटर ग्वालियर
मो. 9165265987

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार कैलाश सिंह कुशवाह पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद कुशवाह निवासी- गिर्राज कॉलोनी, लाल कुंवर का पुरा, गोल पहाड़िया, लश्कर, ग्वालियर में अपने परिवार के साथ निवास करता आ रहा है मेरे पक्षकार के पांच पुत्र एवं पांच पुत्रवधु है हरिओम जिसकी पत्नी पार्वती, गंगा सिंह जिसकी पत्नी रीना, प्रदीप जिसकी पत्नी रचना, गजेन्द्र जिसकी पत्नी प्रियंका तथा मृतक दीपक जिसकी पत्नी श्रीमती नीलम मेरे पक्षकार के मकान में निवास करते चले आ रहे हैं। मेरे पक्षकार के मृतक पुत्र दीपक की मृत्यु के उपरांत उसकी पत्नी नीलम का भरण पोषण मेरा पक्षकार करता आ रहा है। जिससे ईर्ष्या रखने के कारण मेरे पक्षकार के चारों पुत्र हरिओम, गंगासिंह, प्रदीप एवं गजेन्द्र मेरे पक्षकार से कहते हैं कि नीलम का भरण पोषण क्यों किया जा रहा है उसका भरण पोषण मत करो उक्त चारों पुत्र मेरे पक्षकार का भरण पोषण नहीं करते हैं। नल, बिजली, संपत्तिकर अदा नहीं करते हैं जिससे दुखी होकर मेरा पक्षकार चारों पुत्रों व चारों पुत्र वधुओं को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता है। तथा संबंध विच्छेद करता है। अतः हर आम व खास को सूचित करते हैं।

दिनांकः 09.12.2025

प्रेषकः कैलाश सिंह कुशवाह पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद कुशवाह निवासी- गिर्राज कॉलोनी, गोल पहाड़िया, लश्कर, ग्वालियर मोबाः 8120301035
द्वाराः एस.के. राठौर एडवोकेट नोटरी, ग्वालियर, (म.प्र.)

विज्ञप्ति

न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, डबरा जिला ग्वालियर (म.प्र.)

प्रकरण क्र. 15/2025 सक्सेशन
कुमारी सौम्या शर्मा पुत्री राजेश शर्मा, आयु 24 वर्ष, निवासी- अल्कापुरा कैलाश नगर, उमेश सिंघल का मकान पीएस यूनिवर्सिटी ग्वालियर (म.प्र.) ...आवेदिका

बनाम

(1.) शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, शाखा डबरा झांसी ग्वालियर रोड, डबरा, जिला ग्वालियर (म.प्र.), (2.) सर्व साधारण आदि ...अनावेदकगण

नियत पेशी दिनांक 09.01.2026

आवेदिका कुमारी सौम्या शर्मा पुत्री राजेश शर्मा आयु 24 वर्ष निवासी अल्कापुरा कैलाश नगर उमेश सिंघल का मकान पीएस यूनिवर्सिटी ग्वालियर म.प्र. ने अपने नाना श्री लक्ष्मीकान्त पुत्र मामनचन्द निवासी लक्ष्मी कॉलोनी, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर की मृत्यु कोरोना काल में दिनांक 29.04.2021 को हो गई है मृतक द्वारा खाता क्रमांक 521202030002807 एसवी पेंशन में जमा राशि प्राप्त करने के संबंध में वैध उत्तराधिकारी होने वावत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु मेरे न्यायालय में धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस कारण आवेदिका के हित में उक्त आशय का प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी व्यक्ति, निकाय, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में आगामी दिनांक 09.01.2026 को समय 11.00 बजे सुबह उपस्थित होकर आपत्ति मय दस्तावेज के स्वयं या अपने अभिभाषक के जिसको प्रकरण का हाल समझा दिया गया हो, के माध्यम से उपस्थित रहें, कोई आपत्ति न आने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर आवेदिका के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा और कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। आज दिनांक 04-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील (श्रीमती आयुषी अग्रवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड डबरा, जिला ग्वालियर (म.प्र.)

नव भारत
संपादकीय विभाग में आवश्यकता है...

करीब एक सदी की गौरवशाली विरासत रखने वाले देश के प्रमुख अग्रणी लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवभारत के ग्वालियर संस्करण के संपादकीय विभाग में निम्नानुसार पदों पर आवश्यकता है...

एक प्रांतीय डेस्क इंचार्ज- (अनुभवी को प्राथमिकता, प्रांतीय डेस्क के लिए)

दो रिपोर्टर - (अनुभवी के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक युवा भी आवेदन कर सकते है)

एक सप्ताह की अवधि में अपने रि